चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 15.7.23 | 4 | 5-7 |

एचएयू प्रवेश परीक्षा • प्रवेश पत्र बिना प्रवेश नहीं

# 16 जुलाई को 9 केंद्रों पर होगी प्रवेश परीक्षा, 5958 ने किया है आवेदन

भास्कर न्यूज़ | हिसार

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के बीएससी ऑनर्स एग्रीकल्चर चार वर्षीय कोर्स, बीएससी ऑनर्स एग्री-बिजनेस मैनेजमेंट, मौलिक एवं मानविकी महाविद्यालय में बायो-केमिस्ट्री, केमिस्ट्री, इनवायरमेंटल साइंस, फूड साइंस एंड टेक्नोलॉजी, मैथेमेटिक्स, माइक्रो-बायोलॉजी, फिजिक्स, प्लांट फिजियोलॉजी, सोसयोलोजी, स्टेटिसटिक्स व जूलॉजी कोर्स, कॉलेज ऑफ बायो-टेक्नोलॉजी में बायोइंफोरमेटिक्स व मोलेक्यूलर बायोलॉजी एंड बायो-टेक्नोलॉजी में एम.एस.सी कोर्सेज के लिए 16 जुलाई को आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। विवि के कुलपति प्रोफेसर बी.आर. काम्बोज ने बताया कि उपरोक्त पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए 5948 उम्मीदवारों ने आवेदन किए हैं।

प्रवेश परीक्षा के लिए चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विवि के अतिरिक्त हिसार शहर के 9 परीक्षा केंद्र बनाए हैं, ताकि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। परीक्षा संबंधी सभी तैयारियों को अंतिम रूप देते हुए परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों के लिए बैठने से संबंधित अन्य समुचित व्यवस्था भी कर ली गई है। प्रवेश पत्र दिखाकर ही परीक्षा भवन में प्रवेश करने की अनुमति होगी।

**प्रत्येक उम्मीदवार की होगी फोटोग्राफ :** कुलसचिव डॉ. बलवान सिंह मंडल के अनुसार नकल रोकने के लिए विशेष निरीक्षण दलों का गठन किया गया है। प्रत्येक उम्मीदवार की फोटोग्राफी भी की जाएगी।

## समस्या हो तो यहां करें संपर्क

किसी भी समस्या के लिए विश्वविद्यालय के फ्लैचर भवन स्थित सहायक कुलसचिव (एकेडमिक) के कार्यालय में प्रातः 7.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक आकर मिल सकते हैं। 01662-255254 पर संपर्क कर सकते हैं। hau.ac.in और admissions.hau.ac.in पर उपलब्ध प्रोस्टपेक्ट्स में देख सकते हैं।

**परीक्षा का समय :** परीक्षा नियंत्रक डॉ. पवन कुमार ने परीक्षा का समय बीएससी चार वर्षीय पाठ्यक्रम व बीएससी ऑनर्स एग्री-बिजनेस मैनेजमेंट के लिए प्रातः 10.00 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक जबकि शेष पाठ्यक्रमों के लिए प्रातः 10:00 से दोपहर 12.30 बजे तक होगा।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 15.7.23 | 4 | 1-4 |


मिशन-एडमिशन

एचएयू की वेबसाइट पर अपलोड किए प्रवेश पत्र, अभ्यर्थी को एक घंटा पहले पहुंचना होगा

## प्रवेश परीक्षा कल, 5948 अभ्यर्थियों के लिए बनाए 9 केंद्र

माई सिटी रिपोर्टर

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) में चार वर्षीय बीएससी ऑनर्स एग्रीकल्चर समेत विभिन्न कोर्स के लिए 16 जुलाई को प्रवेश परीक्षा होगी। इसके लिए प्रवेश पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। कुल 5948 आवेदकों की प्रवेश परीक्षा के लिए एचएयू के अतिरिक्त शहर में 9 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। अभ्यर्थी को परीक्षा के लिए एक घंटा पहले पहुंचना होगा।

कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने बताया कि चार वर्षीय बीएससी आनर्स एग्रीकल्चर, बीएससी ऑनर्स एग्री-बिजनेस मैनेजमेंट, मौलिक एवं मानविकी महाविद्यालय में बायो-केमिस्ट्री, केमिस्ट्री, एनवायरमेंटल साइंस, फूड साइंस एंड टेक्नोलॉजी, मैथेमेटिक्स, माइक्रो-बायोलॉजी, फिजिक्स, प्लांट फिजियोलोजी, सोसयोलोजी, स्टेटिसटिक्स व जूलॉजी कोर्स, कॉलेज आफ बायो-टेक्नोलॉजी में बायो इंफॉर्मैटिक्स व मॉलिक्यूलर बायोलॉजी एंड बायो-टेक्नोलॉजी में एमएससी कोर्सेज के लिए 16 जुलाई को प्रवेश परीक्षा होनी है।

प्रवेश पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं। परीक्षार्थियों का प्रवेश पत्र देखकर ही परीक्षा भवन में प्रवेश करने की अनुमति होगी।

### नकल रहित परीक्षा कराने पर फोकस

कुलसचिव डॉ. बलवान सिंह मंडल के अनुसार प्रवेश परीक्षा में नकल करने तथा दूसरे के स्थान पर परीक्षा देने वालों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। इसके लिए विशेष निरीक्षण दलों का गठन किया गया है। प्रत्येक उम्मीदवार की फोटोग्राफी की जाएगी। परीक्षा नियंत्रक डॉ. पवन कुमार ने कहा कि प्रवेश परीक्षा का समय बीएससी चार वर्षीय पाठ्यक्रम व बीएससी ऑनर्स एग्री-बिजनेस मैनेजमेंट के लिए सुबह 10 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक जबकि शेष पाठ्यक्रमों के लिए सुबह 10 से दोपहर 12.30 बजे तक होगा। उम्मीदवारों को परीक्षा आरंभ होने के एक घंटा पूर्व ( सुबह 9 बजे तक) अपने परीक्षा केंद्र पर पहुंचना होगा। किसी भी समस्या के लिए उम्मीदवार विश्वविद्यालय के फ्लेचर भवन स्थित सहायक कुलसचिव (एकेडमिक) के कार्यालय में सुबह 7 बजे से दोपहर 2 बजे तक मिल सकते हैं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 15.7.23 | 2 | 2-4 |

## एचएयू में कल होगी प्रवेश परीक्षा, नौ केंद्र बनाए

जागरण संवाददाता, हिसार : चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के बीएससी आनर्स एग्रीकल्चर चार वर्षीय कोर्स, बीएससी आनर्स एग्री-बिजनेस मैनेजमेंट, मौलिक एवं मानविकी महाविद्यालय में बायो-केमिस्ट्री, केमिस्ट्री, इनवायरमेंटल साइंस, फूड साइंस एंड टेक्नोलाजी, मैथेमेटिक्स, माइक्रो-बायोलाजी, फिजिक्स, प्लांट फिजियोलोजी, सोस्योलाजी, स्टेटिस्टिक्स व जूलाजी कोर्स, कालेज आफ बायो-टेक्नोलाजी में बायोइंफोरमेटिक्स व मोलेक्यूलर बायोलाजी एंड बायो-टेक्नोलाजी में एमएससी कोर्सिज के लिए 16 जुलाई को होने वाली प्रवेश परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी की।

कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बताया कि इन पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए 5948 उम्मीदवारों ने आवेदन किए हैं। प्रवेश परीक्षा के लिए चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के अतिरिक्त हिसार शहर के 9 परीक्षा केंद्र बनाए हैं, ताकि परीक्षार्थियों को किसी तरह की समस्या का सामना न हो। परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों के लिए बैठने से संबंधित अन्य समुचित व्यवस्था भी कर ली है। सभी परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र देखकर ही परीक्षा भवन में प्रवेश करने की अनुमति होगी।

कुलसचिव डा. बलवान सिंह मंडल के अनुसार प्रवेश परीक्षा में नकल करने और दूसरे के स्थान पर परीक्षा देने वालों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। इसके लिए विशेष निरीक्षण दलों का गठन किया गया। प्रत्येक उम्मीदवार की फोटोग्राफी भी की जाएगी। उन्होंने बताया कि उम्मीदवारों को परीक्षा केन्द्र में मोबाइल फोन, कैलकूलेटर व इलेक्ट्रोनिक डायरी जैसे इलेक्ट्रोनिक उपकरण लेकर जाने की अनुमति नहीं होगी।

परीक्षा नियंत्रक डा. पवन कुमार ने कहा कि उम्मीदवारों को अपना एडमिट कार्ड डाऊनलोड करके साथ लाना होगा। बिना एडमिट कार्ड के वे परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं पा सकेंगे। परीक्षा का समय बीएससी चार वर्षीय पाठ्यक्रम व बीएससी आनर्स एग्री-बिजनेस मैनेजमेंट के लिए सुबह 10 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक और बाकी पाठ्यक्रमों के लिए सुबह 10 से दोपहर 12:30 बजे तक होगा। उम्मीदवारों को परीक्षा शुरू होने से एक घंटा पहले केन्द्र पर पहुंचना होगा। किसी भी समस्या पर सहायक कुलसचिव (एकेडमिक) के कार्यालय में मिल सकते हैं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक ट्रिब्यून | 15-7-23 | 4 | 3 |

## एचएयू में प्रवेश परीक्षा कल, सभी तैयारियां पूरी

हिसार, 14 जुलाई (हप्र)

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के विभिन्न कोर्स के लिए 16 जुलाई को आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। रविवार को बीएससी ऑनर्स एग्रीकल्चर चार वर्षीय कोर्स, बीएससी ऑनर्स एग्री-बिजनेस मैनेजमेंट, मौलिक एवं मानविकी महाविद्यालय में बायो-केमिस्ट्री, केमिस्ट्री, इनवायरमेंटल साइंस, फूड साइंस एंड टेक्नोलॉजी, मैथेमेटिक्स, माइक्रो-बायोलॉजी, फिजिक्स, प्लांट फिजियोलॉजी, सोश्योलॉजी, स्टेटिसटिक्स व जूलॉजी कोर्स, कॉलेज ऑफ बायो-टेक्नोलॉजी में बायोइन्फॉरमेटिक्स व मोलीक्यूलर बायोलॉजी एंड बायो-टेक्नोलॉजी में एम.एस.सी कोर्सेज के लिए होगी। उपरोक्त पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए 5948 उम्मीदवारों ने आवेदन किए हैं।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर बी.आर. काम्बोज ने बताया कि उपरोक्त प्रवेश परीक्षा का समय बीएससी चार वर्षीय पाठ्यक्रम व बीएससी ऑनर्स एग्री-बिजनेस मैनेजमेंट के लिए प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक जबकि शेष पाठ्यक्रमों के लिए प्रातः 10:00 से दोपहर 12:30 बजे तक होगा परंतु उम्मीदवारों को परीक्षा आरंभ होने के एक घंटा पूर्व (9.00 बजे तक) अपने परीक्षा केंद्र पर पहुंचना होगा।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 15-7-23 | 7 | 3-8 |

# एचएयू में प्रवेश परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी, 16 को होगी परीक्षा

## परीक्षाओं के लिए प्रवेश पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर कर दिए गए हैं अपलोड

हिसार, 14 जुलाई (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के बीएससी ऑनर्स एग्रीकल्चर चार वर्षीय कोर्स, बीएससी आनर्स एग्री-बिजनेस मैनेजमेंट, मौलिक एवं मानविकी महाविद्यालय में बायो-केमिस्ट्री, केमिस्ट्री, इनवायरमेंटल साइंस, फूड साइंस एंड टेक्नोलॉजी, मैथेमेटिक्स, माइक्रो-बायोलॉजी, फिजिक्स, प्लांट फिजियोलोजी, सोसयोलोजी, स्टेटिसटिक्स व जूलॉजी कोर्स, कॉलेज आफ बायो-टेक्नोलॉजी में बायोइंफोरमेटिक्स व मोलेक्यूलर बायोलॉजी एंड बायो-टेक्नोलॉजी में एम.एस.सी कोर्सिज के लिए 16 जुलाई को आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर बी.आर. काम्बोज ने बताया कि उपरोक्त पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए 5948 उम्मीदवारों ने आवेदन किए हैं। उन्होंने बताया कि प्रवेश परीक्षा के लिए चौधरी चरण [illegible] को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया कि परीक्षा संबंधी सभी तैयारियों को अंतिम रूप देते हुए परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों के लिए बैठने से संबंधित अन्य समुचित व्यवस्था भी कर ली गई हैं। सभी परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र देखकर ही परीक्षा भवन में प्रवेश करने की अनुमति होगी। कुलसचिव डॉ. बलवान सिंह मंडल के अनुसार प्रवेश परीक्षा में नकल करने तथा दूसरे के स्थान पर परीक्षा देने वालों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। इसके लिए विशेष निरीक्षण दलों का गठन किया गया है। प्रत्येक उम्मीदवार की फोटोग्राफी भी की जाएगी। उन्होंने बताया कि उम्मीदवारों को परीक्षा केन्द्र में मोबाइल फोन, कैलकूलेटर व इलैक्ट्रोनिक डायरी जैसे इलैक्ट्रोनिक उपकरण लेकर जाने की अनुमति नहीं होगी। इन उपकरणों को उन्हें परीक्षा केन्द्र के बाहर छोड़ना होगा, जिनकी सुरक्षा की जिम्मेवारी उम्मीदवारों की ही होगी। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. पवन कुमार ने कहा कि उम्मीदवारों को अपना एडमिट कार्ड डाऊनलोड करके साथ लाना होगा। बिना एडमिट कार्ड के वे परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं पा सकेंगे। उन्होंने बताया कि उपरोक्त प्रवेश परीक्षा का समय बीएससी चार वर्षीय पाठ्यक्रम व बीएससी आनर्स एग्री-बिजनेस मैनेजमेंट के लिए प्रात: 10 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक जबकि शेष पाठ्यक्रमों के लिए प्रात: 10 से दोपहर 12:30 बजे तक होगा परंतु उम्मीदवारों को परीक्षा आरंभ होने के एक घण्टा पूर्व (9 बजे तक) अपने परीक्षा केन्द्र पर पहुंचना होगा। उन्होंने कहा कि किसी भी समस्या के लिए उम्मीदवार विश्वविद्यालय के फ्लैचर भवन स्थित सहायक कुलसचिव (एकेडमिक) के कार्यालय में प्रात: 7 बजे से दोपहर 2 बजे तक आकर मिल सकते हैं अन्यथा कार्यालय के फोन नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। उम्मीदवार प्रवेश परीक्षा संबंधी सभी महत्वपूर्ण जानकारियां विश्वविद्यालय की वेबसाइट hau.ac.in और admissions.hau.ac.in पर उपलब्ध प्रोस्टपेक्टस में देख सकते हैं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि भूमि | 15.7.23 | 9 | 1-2 |



हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय का प्रशासनिक भवन। फोटो: हरिभूमि

## एचएयू सहित विभिन्न केंद्रों पर कल होगी प्रवेश परीक्षा

- प्रशासन ने पूरी की प्रवेश परीक्षा की तैयारी, प्रवेश पत्र अपलोड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय प्रशासन ने 16 जुलाई को होने वाली प्रवेश परीक्षा की तैयारियां पूरी कर ली है। इसके साथ ही विश्वविद्यालय ने परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दिए हैं। बीएससी ऑनर्स एग्रीकल्चर चार वर्षीय कोर्स, बीएससी आनर्स एग्री-बिजनेस मैनेजमेंट, मौलिक एवं मानविकी महाविद्यालय में बायो-केमिस्ट्री, केमिस्ट्री, इनवायरमेंटल साइंस, फूड साइंस एंड टेक्नोलॉजी, मैथेमेटिक्स, माइक्रो-बायोलॉजी, फिजिक्स, प्लांट फिजियोलोजी, सोसयोलोजी, स्टेटिसटिक्स व जूलॉजी कोर्स, कॉलेज आफ बायो-टेक्नोलॉजी में बायोइंफोरमेटिक्स व मोलेक्यूलर बायोलॉजी एंड बायो-टेक्नोलॉजी में एमएससी कोर्सिज के लिए 16 जुलाई को प्रवेश परीक्षा होनी है। उपरोक्त पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए 5948 उम्मीदवारों ने आवेदन किए हैं।

### तैयारियां पूरी

कृषि में विभिन्न पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए 16 जुलाई को होने वाली प्रवेश परीक्षा के लिए विवि प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली है। परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दिए हैं। अभ्यर्थी को प्रवेश परीक्षा शुरू होने के निर्धारित समय से एक घंटा पहले परीक्षा केंद्र पर पहुंचना होगा।

-प्रो. बीआर काम्बोज
कुलपति, एचएयू

### विवि के अलावा शहर में 9 स्थानों पर बनाए परीक्षा केंद्र

प्रवेश परीक्षा के लिए हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के अतिरिक्त हिसार शहर के नौ परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं ताकि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया कि परीक्षा संबंधी सभी तैयारियों को अंतिम रूप देते हुए परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों के लिए बैठने से संबंधित अन्य जरूरी व्यवस्था भी कर ली गई है। सभी परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र देखकर ही परीक्षा भवन में प्रवेश करने की अनुमति होगी।

### विशेष निरीक्षण दलों का गठन

कुलसचिव डॉ. बलवान सिंह मंडल के अनुसार प्रवेश परीक्षा में नकल करने तथा दूसरे के स्थान पर परीक्षा देने वालों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। इसके लिए विशेष निरीक्षण दलों का गठन किया गया है। प्रत्येक उम्मीदवार की फोटोग्राफी भी की जाएगी। उन्होंने बताया कि उम्मीदवारों को परीक्षा केन्द्र में मोबाइल फोन, कैलकुलेटर व इलैक्ट्रोनिक डायरी जैसे इलैक्ट्रोनिक उपकरण लेकर जाने की अनुमति नहीं होगी। इन उपकरणों को उन्हें परीक्षा केन्द्र के बाहर छोड़ना होगा, जिनकी सुरक्षा की जिम्मेवारी उम्मीदवारों की ही होगी।

### परीक्षा के निर्धारित समय से एक घंटा पहले पहुंचना होगा

विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. पवन कुमार ने कहा कि उम्मीदवारों को अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड करके साथ लाना होगा। बिना एडमिट कार्ड के वे परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं पा सकेंगे। उन्होंने बताया कि उपरोक्त प्रवेश परीक्षा का समय बीएससी चार वर्षीय पाठ्यक्रम व बीएससी आनर्स एग्री-बिजनेस मैनेजमेंट के लिए प्रातः 10 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक जबकि शेष पाठ्यक्रमों के लिए प्रातः 10 से दोपहर 12:30 बजे तक होगा। उम्मीदवारों को परीक्षा आरंभ होने से एक घंटा पूर्व (नौ बजे तक) अपने परीक्षा केन्द्र पर पहुंचना होगा।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 15.7.23 | 3 | 6 |

## एच.ए.यू. में प्रवेश परीक्षा कल, सभी तैयारियां पूरी

हिसार, 14 जुलाई (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के बी.एससी. ऑनर्स एग्रीकल्चर 4 वर्षीय कोर्स, बी.एससी. आनर्स एग्री-बिजनैस मैनेजमैंट, मौलिक एवं मानविकी महाविद्यालय में बायो-कैमिस्ट्री, कैमिस्ट्री, इनवायरमैंटल साइंस, फूड साइंस एंड टैक्नोलॉजी, मैथेमैटिक्स, माइक्रो-बायोलॉजी, फिजिक्स, प्लांट फिजियोलोजी, सोशियोलॉजी, स्टेटिसटिक्स व जूलॉजी कोर्स, कॉलेज आफ बायो-टैक्नोलॉजी में बायोइंफोरमैटिक्स व मोलेक्यूलर बायोलॉजी एंड बायो-टैक्नोलॉजी में एम.एससी कोर्सिज के लिए 16 जुलाई को आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफैसर बी.आर. काम्बोज ने बताया कि उपरोक्त पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए 5948 उम्मीदवारों ने आवेदन किए हैं।

उन्होंने बताया कि प्रवेश परीक्षा के लिए विश्वविद्यालय के अतिरिक्त हिसार शहर के 9 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, ताकि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| समस्त हरियाणा न्यूज | 14.07.2023 | -- | -- |

## प्रवेश पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर किए गए अपलोड

# एचएयू में प्रवेश परीक्षा 16 जुलाई को, तैयारियां पूरी

समस्त हरियाणा न्यूज

हिसार, 14 जुलाई। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के बीएससी ऑनर्स एग्रीकल्चर चार वर्षीय कोर्स, बीएससी आनर्स एग्री-बिजनेस मैनेजमेंट, मौलिक एवं मानविकी महाविद्यालय में बायो-केमिस्ट्री, केमिस्ट्री, इनवायरमेंटल साइंस, फूड साइंस एंड टेक्नोलॉजी, मैथेमेटिक्स, माइक्रो- बायोलॉजी, फिजिक्स, प्लांट फिजियोलोजी, सोसयोलोजी, स्टेटिसटिक्स व जूलॉजी कोर्स, कॉलिज आफ बायो-टेक्नोलॉजी में बायोइंफोरमेटिक्स व मोलेक्यूलर बायोलॉजी एंड बायो-टेक्नोलॉजी में एम.एस.सी कोर्सिज के लिए 16 जुलाई को आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर बी.आर. काम्बोज ने बताया कि उपरोक्त पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए 5948 उम्मीदवारों ने आवेदन किए हैं। उन्होंने बताया कि प्रवेश परीक्षा के लिए चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के अतिरिक्त हिसार शहर के 9 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं ताकि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया कि परीक्षा संबंधी सभी तैयारियों को अंतिम रूप देते हुए परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों के लिए बैठने से संबंधित अन्य समुचित व्यवस्था भी कर ली गई हैं। सभी परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र देखकर ही परीक्षा भवन में प्रवेश करने की अनुमति होगी। कुलसचिव डॉ. बलवान सिंह मंडल के अनुसार प्रवेश परीक्षा में नकल करने तथा दूसरे के स्थान पर परीक्षा देने वालों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। प्रत्येक उम्मीदवार की फोटोग्राफी भी की जाएगी। उन्होंने बताया कि उम्मीदवारों को परीक्षा केन्द्र में मोबाइल फोन, कैलक्यूलेटर व इलैक्ट्रोनिक डायरी जैसे इलैक्ट्रोनिक उपकरण लेकर जाने की अनुमति नहीं होगी। इन उपकरणों को उन्हें परीक्षा केन्द्र




के बाहर छोड़ना होगा, जिनकी सुरक्षा की जिम्मेवारी उम्मीदवारों की ही होगी। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. पवन कुमार ने कहा कि उम्मीदवारों को अपना एडमिट कार्ड डाऊनलोड करके साथ लाना होगा। बिना एडमिट कार्ड के वे परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं पा सकेंगे। उन्होंने बताया कि उपरोक्त प्रवेश परीक्षा का समय बीएससी चार वर्षीय पाठ्यक्रम व बीएससी आनर्स एग्री-बिजनेस मैनेजमेंट के लिए प्रातः 10.00 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक जबकि शेष पाठ्यक्रमों के लिए प्रातः 10:00 से दोपहर 12:30 बजे तक होगा परंतु उम्मीदवारों को परीक्षा आरंभ होने के एक घण्टा पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र पर पहुंचना होगा। उन्होंने कहा कि किसी भी समस्या के लिए उम्मीदवार विश्वविद्यालय के फ्लैचर भवन स्थित सहायक कुलसचिव (एकेडमिक) के कार्यालय में प्रातः 7.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक आकर मिल सकते हैं अन्यथा कार्यालय के फोन नं. 01662-255254 पर संपर्क कर सकते हैं। प्रवेश परीक्षा संबंधी सभी महत्वपूर्ण जानकारियां विश्वविद्यालय की वेबसाइट hau.ac.in & admissions.hau.ac.in पर उपलब्ध प्रोस्पेक्टस में देख सकते हैं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| पांच बजे न्यूज | 14.07.2023 | -- | -- |


# एचएयू में प्रवेश परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी : 16 को होगी परीक्षा, प्रवेश पत्र वेबसाइट पर किए अपलोड

पांच बजे न्यूज




**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के बीएससी ऑनर्स एग्रीकल्चर चार वर्षीय कोर्स, बीएससी आनर्स एग्री-बिजनेस मैनेजमेंट, मौलिक एवं मानविकी महाविद्यालय में बायो-केमिस्ट्री, केमिस्ट्री, इनवायरमेंटल साइंस, फूड साइंस एंड टेक्नोलॉजी, मैथेमेटिक्स, माइक्रो-बायोलॉजी, फिजिक्स, प्लांट फिजियोलोजी, सोसयोलोजी, स्टेटिसटिक्स व जूलॉजी कोर्स, कॉलेज आफ बायो-टेक्नोलॉजी में बायोइंफोरमेटिक्स व मोलेक्यूलर बायोलॉजी एंड बायो-टेक्नोलॉजी में एमएससी कोर्सिज के लिए 16 जुलाई को आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बताया कि उपरोक्त पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए 5948 उम्मीदवारों ने आवेदन किए हैं। उन्होंने बताया कि प्रवेश परीक्षा के लिए विश्वविद्यालय के अतिरिक्त हिसार शहर के 9 परीक्षा केंद्र बनाए गए है ताकि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया कि परीक्षा संबंधी सभी तैयारियों को अंतिम रूप देते हुए परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों के लिए बैठने से संबंधित अन्य समुचित व्यवस्था भी कर ली गई है। सभी परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र देखकर ही परीक्षा भवन में प्रवेश करने की अनुमति होगी।

कुलसचिव डॉ. बलवान सिंह मंडल के अनुसार प्रवेश परीक्षा में नकल करने तथा दूसरे के स्थान पर परीक्षा देने वालों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। इसके लिए विशेष निरीक्षण दलों का गठन किया गया है। प्रत्येक उम्मीदवार की फोटोग्राफी भी की जाएगी। उन्होंने बताया कि उम्मीदवारों को परीक्षा केन्द्र में मोबाइल फोन, कैलकुलेटर व इलैक्ट्रोनिक डायरी जैसे इलैक्ट्रोनिक उपकरण लेकर जाने की अनुमति नहीं होगी। इन उपकरणों को उन्हें परीक्षा केन्द्र के बाहर छोड़ना होगा, जिनकी सुरक्षा की जिम्मेवारी उम्मीदवारों की ही होगी।

विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. पवन कुमार ने कहा कि उम्मीदवारों को अपना एडमिट कार्ड डाऊनलोड करके साथ लाना होगा। बिना एडमिट कार्ड के वे परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं पा सकेंगे। उन्होंने बताया कि उपरोक्त प्रवेश परीक्षा का समय बीएससी चार वर्षीय पाठ्यक्रम व बीएससी आनर्स एग्री-बिजनेस मैनेजमेंट के लिए प्रातः 10.00 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक जबकि शेष पाठ्यक्रमों के लिए प्रातः 10:00 से दोपहर 12.30 बजे तक होगा परंतु उम्मीदवारों को परीक्षा आरंभ होने के एक घण्टा पूर्व (9.00 बजे तक) अपने परीक्षा केन्द्र पर पहुंचना होगा।

उन्होंने कहा कि किसी भी समस्या के लिए उम्मीदवार विश्वविद्यालय के फ्लैचर भवन स्थित सहायक कुलसचिव (एकेडमिक) के कार्यालय में प्रातः 7.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक आकर मिल सकते हैं अन्यथा कार्यालय के फोन नं. 01662-255254 पर संपर्क कर सकते हैं। उम्मीदवार प्रवेश परीक्षा संबंधी सभी महत्वपूर्ण जानकारियां विश्वविद्यालय की वेबसाइट hau.ac.in और admissions.hau.ac.in पर उपलब्ध प्रोस्पेक्टस में देख सकते हैं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| विजन इंडिया | 14.07.2023 | -- | -- |

# एचएयू में प्रवेश परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी, 16 जुलाई को होगी परीक्षा

visionindia July 14, 2023 1 min read

Spread the love

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के बीएससी ऑनर्स एग्रीकल्चर चार वर्षीय कोर्स, बीएससी आनर्स एग्री बिजनेस मैनेजमेंट, मौलिक एवं मानविकी महाविद्यालय में बायो केमिस्ट्री, केमिस्ट्री, इनवायरमेंटल साइंस, फूड साइंस एंड टेक्नोलॉजी, मैथेमेटिक्स, माइक्रो बायोलॉजी, फिजिक्स, प्लांट फिजियोलोजी, सोश्योलोजी, स्टेटिस्टिक्स व जूलॉजी कोर्स, कॉलेज आफ बायो टेक्नोलॉजी में बायोइंफोर्मेटिक्स व मोलेक्यूलर बायोलॉजी एंड बायो टेक्नोलॉजी में एम.एस.सी कोर्सिज के लिए 16 जुलाई को आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।



कुलसचिव डॉ. बलवान सिंह मंडल के अनुसार प्रवेश परीक्षा में नकल करने तथा दूसरे के स्थान पर परीक्षा देने वालों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। इसके लिए विशेष निरीक्षण दलों का गठन किया गया है। प्रत्येक उम्मीदवार की फोटोग्राफी भी की जाएगी। उन्होंने बताया कि उम्मीदवारों को परीक्षा केन्द्र में मोबाइल फोन, कैलकुलेटर व इलेक्ट्रोनिक डायरी जैसे इलेक्ट्रोनिक उपकरण लेकर जाने की अनुमति नहीं होगी। इन उपकरणों को उन्हें परीक्षा केन्द्र के बाहर छोड़ना होगा, जिनकी सुरक्षा की जिम्मेवारी उम्मीदवारों की ही होगी।




विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. पवन कुमार ने कहा कि उम्मीदवारों को अपना एडमिट कार्ड डाऊनलोड करके साथ लाना होगा। बिना एडमिट कार्ड के वे परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं पा सकेंगे। उन्होंने बताया कि उपरोक्त प्रवेश परीक्षा का समय बीएससी चार वर्षीय पाठ्यक्रम व बीएससी आनर्स एग्री बिजनेस मैनेजमेंट के लिए प्रातः 10.00 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक जबकि शेष पाठ्यक्रमों के लिए प्रातः 10:00 से दोपहर 12.30 बजे तक होगा परंतु उम्मीदवारों को परीक्षा आरंभ होने के एक घण्टा पूर्व (9.00 बजे तक) अपने परीक्षा केन्द्र पर पहुंचना होगा।

उन्होंने कहा कि किसी भी समस्या के लिए उम्मीदवार विश्वविद्यालय के फ्लेचर भवन स्थित सहायक कुलसचिव (एकेडमिक) के कार्यालय में प्रातः 7.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक आकर मिल सकते है अन्यथा कार्यालय के फोन नं. 01662 255254 पर संपर्क कर सकते हैं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हिन्दुस्थान समाचार | 14.07.2023 | -- | -- |




## हिसार: एचएयू प्रशासन ने पूरी की प्रवेश परीक्षा की तैयारी, प्रवेश पत्र अपलोड

15hr · 1 shares

एचएयू सहित विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर 16 को होगी प्रवेश परीक्षा

हिसार, 14 जुलाई (हि.स.)। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय प्रशासन ने 16 जुलाई को होने वाली प्रवेश परीक्षा की तैयारियां पूरी कर ली है।

इसके साथ ही विश्वविद्यालय ने परीक्षा के लिए शनिवार को प्रवेश पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दिए है।

कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज ने शुक्रवार को बताया कि बीएससी ऑनर्स एग्रीकल्चर चार वर्षीय कोर्स, बीएससी आनर्स एग्री-बिजनेस मैनेजमेंट, मौलिक एवं मानविकी महाविद्यालय में बायो-केमिस्ट्री, केमिस्ट्री, इनवायरमेंटल साइंस, फूड साइंस एंड टेक्नोलॉजी, मैथेमेटिक्स, माइक्रो-बायोलॉजी, फिजिक्स, प्लांट फिजियोलोजी, सोसयोलोजी, स्टेटिस्टिक्स व जूलॉजी कोर्स, कॉलेज आफ बायो-टेक्नोलॉजी में बायोइंफोरमेटिक्स व मोलेक्यूलर बायोलॉजी एंड बायो-टेक्नोलॉजी में एमएससी कोर्सिज के लिए 16 जुलाई को प्रवेश परीक्षा होनी है। उपरोक्त पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए 5948 उम्मीदवारों ने आवेदन किए हैं। उन्होंने बताया कि प्रवेश परीक्षा के लिए हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के अतिरिक्त हिसार शहर के नौ परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, ताकि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया कि परीक्षा संबंधी सभी तैयारियों को अंतिम रूप देते हुए परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षार्थियों के लिए बैठने से संबंधित अन्य समुचित व्यवस्था भी कर ली गई है। सभी परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र देखकर ही परीक्षा भवन में प्रवेश करने की अनुमति होगी।

कुलसचिव डॉ. बलवान सिंह मंडल के अनुसार प्रवेश परीक्षा में नकल करने तथा दूसरे के स्थान पर परीक्षा देने वालों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। इसके लिए विशेष निरीक्षण दलों का गठन किया गया है। प्रत्येक उम्मीदवार की फोटोग्राफी भी की जाएगी। उन्होंने बताया कि उम्मीदवारों को परीक्षा केन्द्र में मोबाइल फोन, केलकुलेटर व इलेक्ट्रोनिक डायरी जैसे इलेक्ट्रोनिक उपकरण लेकर जाने की अनुमति नहीं होगी। इन उपकरणों को उन्हें परीक्षा केन्द्र के बाहर छोड़ना होगा, जिनकी सुरक्षा की जिम्मेवारी उम्मीदवारों की ही होगी।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 15-7-23 | 2 | 4-8 |


# उन्नत तकनीकों से तंजानिया के किसानों को मिलेगा लाभ

## दोनों देशों के वैज्ञानिकों, शोधार्थियों व विद्यार्थियों को कृषि की तकनीकों से संबंधित मिलेगा प्रशिक्षण

**भास्कर न्यूज | हिसार**

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार की उन्नत कृषि तकनीकों व नवाचारों का तंजानिया के किसानों को लाभ मिलेगा। एचएयू की प्रौद्योगिकी से तंजानिया के किसान कृषि उत्पादन बढ़ाकर व नए स्टार्टअप तैयार कर अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत बना सकेंगे। इसी कड़ी में चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय और तंजानिया के मोरोगोरो स्थित सोकोइन कृषि विश्वविद्यालय के बीच आपसी सहयोग से कृषि में अनुसंधानों व नवाचार को बढ़ावा देने के लिए एक अनुबंध हुआ है।



अनुबंध पर हस्ताक्षर के दौरान मौजूद एचएयू के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज व तंजानिया के सोकोइन कृषि विश्वविद्यालय के अधिकारीगण।

### इन क्षेत्रों में मिलेगा सहयोग

एचएयू कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बताया कि हरियाणा और तंजानिया की कृषि जलवायु लगभग समान है। इस अनुबंध से विश्वविद्यालय की उन्नत तकनीकों व नवाचारों से तंजानिया की कृषि संबंधित तकनीकों व उपकरणों में सुधार आएगा। साथ हमें तंजानिया की घरेलू फसलों की किस्मों पर शोध करने से काफी फायदा मिल सकेगा। हकृवि के वैज्ञानिक कृषि की व्यवसायिक व नई तकनीकों के संबंध में प्रशिक्षण देंगे।

### वैज्ञानिक उपकरणों के उपयोग पर रहेगा जोर

कुलपति ने बताया कि इस एमओयू के अनुसार कृषि क्षेत्र में उपयोग होने वाली उन्नत तकनीकों व नवाचारों के बारे में गहनता से जानकारी दी जाएगी, क्योंकि आधुनिक युग में जलवायु परिवर्तन सहित अन्य चुनौतियों के कारण कृषि क्षेत्र में नई-नई समस्याएं उत्पन्न हो गई, जिससे खाद्य सुरक्षा व खाद्यन्न का सुरक्षित भंडारण चुनौती बन गए। वैज्ञानिकों, शिक्षाविदें, शोधार्थियों व विद्यार्थियों को जल संरक्षण सहित आर्थिक रूप से बचत के लिए अनुसंधान भी किए जाएंगे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पाठकपक्ष न्यूज | 14.07.2023 | -- | -- |

# हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की उन्नत तकनीकों व नवाचारों से तंजानिया के किसानों को मिलेगा लाभ

## एचएयू और तंजानिया के कृषि विश्वविद्यालय के बीच हुआ अनुबंध

### दोनों देशों के वैज्ञानिकों, शोधार्थियों व विद्यार्थियों को कृषि की व्यवसायिक व नई तकनीकों से संबंधित मिलेगा प्रशिक्षण

पाठकपक्ष न्यूज

हिसार, 14 जुलाई : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार की उन्नत कृषि तकनीकों व नवाचारों का तंजानिया के किसानों को भी लाभ मिलेगा। एचएयू की प्रौद्योगिकी से तंजानिया के किसान कृषि उत्पादन बढ़ाकर व नए स्टार्टअप तैयार कर अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत बना सकेंगे। इसी कड़ी में चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय और तंजानिया के मोरोगोरो स्थित सोकोइन कृषि विश्वविद्यालय के बीच आपसी सहयोग से कृषि में अनुसंधानों व नवाचारों को बढ़ावा देने के लिए एक अनुबंध हुआ है, जिसका लाभ दोनों देशों के किसानों को होगा। इस संबंध में चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज व कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एस.के. पाहुजा और तंजानिया के सोकोइन कृषि विश्वविद्यालय की ओर से वहां के कुलपति प्रो. रापहियल.टी. चिबुंडा ने इस अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। इस मौके पर तंजानिया के कृषि महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ब्रनैड चोवे व डॉयरेक्टेट ऑफ पीजीएस रिसर्च, टेक्नीकल ट्रांसफर एंड कलसंटेंसी के डायरेक्टर प्रो. इसोर्न डी. कार्गिमयुरिबो भी मौजूद रहे।



अनुबंध पर हस्ताक्षर के दौरान मौजूद एचएयू के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज व तंजानिया के सोकोइन कृषि विश्वविद्यालय के अधिकारीगण।

### वैज्ञानिक उपकरणों का उपयोग व परियोजनाओं पर रहेगा जोर

कुलपति ने बताया कि इस एमओयू के अनुसार कृषि क्षेत्र में उपयोग होने वाली उन्नत तकनीकों व नवाचारों के बारे में गहनता से जानकारी दी जाएगी क्योंकि आधुनिक युग में जलवायु परिवर्तन सहित अन्य चुनौतियों के कारण कृषि क्षेत्र में नई-नई समस्याएं उत्पन्न हो गई, जिससे खाद्य सुरक्षा व खाद्यन्न का सुरक्षित भंडारण बड़ी चुनौती बन गए हैं। उन्होंने बताया कि वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों, शोधार्थियों व विद्यार्थियों को जल संरक्षण सहित आर्थिक रूप से बचत के लिए अनुसंधान भी किए जाएंगे, जिनका दोनों देशों के किसानों को लाभ होगा।

### इन क्षेत्रों में मिलेगा सहयोग

एचएयू के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि हरियाणा और तंजानिया की कृषि जलवायु लगभग समान है। इस अनुबंध से विश्वविद्यालय की उन्नत तकनीकों व नवाचारों से तंजानिया की कृषि संबंधित तकनीकों व उपकरणों में काफी सुधार आएगा। साथ ही हमें तंजानिया की घरेलू फसलों की किस्मों पर शोध करने से काफी फायदा मिल सकेगा। उन्होंने बताया कि हकृवि के वैज्ञानिक कृषि की व्यवसायिक व नई तकनीकों के संबंध में प्रशिक्षण देंगे, जिससे कि तंजानिया और भारत में कृषि इंजीनियरिंग में संकाय का आदान-प्रदान, प्रशिक्षण, अनुसंधान और कृषि विस्तार गतिविधियों में सहयोग को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने बताया कि दोनों विश्वविद्यालय सेमिनार, सम्मेलनों में हिस्सा लेंगे और एक-दूसरे का सहयोग करेंगे। इस अनुबंध से दोनों देशों को कृषि के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलेगी वहीं दूसरी ओर अनुसंधान की गुणवत्ता को बढ़ाने में भी मदद मिलेगी।

इस एमओयू के अनुसार तंजानिया के सोकोइन कृषि विश्वविद्यालय के विशेषज्ञ व एचएयू के वैज्ञानिक, शोधार्थी व विद्यार्थी मिलकर नवीन अनुसंधानों की सहायता से किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाने का प्रयास करेंगे। ज्ञात रहे कि इस समय तंजानिया के शहर दार-ए- सालाम में 47वां अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला चल रहा है जिसमें हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के निर्देशन में हरियाणा का एक प्रतिनिधित्व मंडल तंजानिया में व्यापार एवं शिक्षा के अवसर तलाशने व उन्हें बढ़ावा देने के लिए दौरे पर है। 50 सदस्यीय इस प्रतिनिधित्व मंडल में हरियाणा सरकार के उच्चाधिकारी, व्यापारी एवं चार विश्वविद्यालयों के कुलपति एवं अधिकारीगण शामिल हैं।